Regarding urgent Need to improve maternal and adolescent healthcare access in remote areas of Himachal Pradesh-Laid

सुश्री कंगना रनौत **(मंडी) :** मैं सरकार का ध्यान हिमाचल प्रदेश के दूरदराज़ और पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं, विशेषकर गर्भवती माताओं और किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में आने वाली गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । हिमाचल प्रदेश में कई गाँव आज भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं, जहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) और उप स्वास्थ्य केंद्र (SHC) 15-20 किलोमीटर दूर हैं, और स्थानीय परिवहन सुविधाओं की कमी के कारण ग्रामीण महिलाएँ बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो पातीं । इन कठिनाइयों का सबसे अधिक असर गर्भवती महिलाओं पर पड़ता है, जिन्हें समय पर एनीमिया, गर्भावस्था की जांच, रक्तचाप, और पोषण से संबंधित सेवाएँ नहीं मिल पातीं । यह स्थिति उनकी और उनके अजन्मे बच्चे के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है । हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले में Mobile Health Clinic Vans के साथ महिला स्वास्थ्य कर्मी, प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल की सुविधाएँ, बुनियादी चिकित्सा परीक्षण, और आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाएँ । मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि वह इस प्रस्ताव को गंभीरता से विचार करें और हिमाचल प्रदेश की महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए शीघ्र कदम उठाए ।